आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 26.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में नयार वैली फेस्टिवल का उद्घाटन किया। कहा– क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को मिलेगी गति।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के सभी विभागों को निर्देश दिए।
- चम्पावत जिले के बनबसा सैन्य स्टेशन में कल से अग्निवीर भर्ती रैली। पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों के चार हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।
- लोक भवन देहरादून में कल से शुरू होगा तीन दिवसीय वसंतोत्सव। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया।

-----------

**नयार वैली फेस्टिवल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में नयार वैली फेस्टिवल का उद्घाटन किया। उन्होंने पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, एंगलिंग, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज और रिवर्स बंजी सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का फ्लैग ऑफ कर औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नयार घाटी क्षेत्र, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन की दृष्टि से काफी समृद्ध है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने नयार घाटी में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पोखड़ा, बीरोंखाल, एकेश्वर और पाबौ विकासखंडों में विभिन्न मंदिरों से जुड़े विकास कार्यों की घोषणा भी की। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य सरकार, उत्तराखंड को देश–विदेश में प्रमुख पर्यटन और साहसिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नयार वैली फेस्टिवल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी जिले के घनसाली में इकतालीस करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शिलान्यास की गई योजनाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिलखी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकरण का निर्माण कार्य भी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल के लिए भूमि दान करने वाले कृष्णा गैरोला और उनके परिवार को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने पिलखी बेलेश्वर क्षेत्र में उप–चिकित्सालय स्थापित करने की घोषणा भी की। साथ ही क्षेत्र की प्रमुख मांगों पर प्राथमिकता से कार्य किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें सौंपें गये ज्ञापन में शामिल योजनाओं को भी ''मुख्यमंत्री घोषणा'' में शामिल किया जाएगा। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है।

**चारधाम समीक्षा**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और तकनीक–सक्षम बनाने के लिए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने सचिव, सचिन कुर्वे को केदारनाथ और बदरीनाथ मार्ग पर सभी अस्पतालों को पूरी तरह क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्थलों पर QR कोड अंकित किए जाएं, जिनके माध्यम से यात्रियों को संबंधित स्थान और आसपास की महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके। मुख्य सचिव ने सभी मुख्य बिंदुओं पर स्पष्ट साइनेज लगाने और यात्रा संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी के जिलाधिकारिय को स्थानीय स्तर पर सभी विभागों, एजेंसियों और हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त करने को कहा। साथ ही पिछले वर्षों के अनुभवों और चुनौतियों की समीक्षा करते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए सुदृढ़ और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया।

**अग्निवीर भर्ती**

चम्पावत जिले के बनबसा सैन्य स्टेशन में कल से पांच मार्च तक होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों के चार हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी ने बताया कि भर्ती के लिए परिवहन, स्वास्थ्य और शौचालय सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

भर्ती निदेशक कर्नल राहुल मेलगे ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को रैली स्थल पर अनिवार्य रूप से अपने सभी आवश्यक अभिलेख साथ लाने होंगे। इनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अंकपत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, अविवाहित प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होती है, इसलिए अभ्यर्थी किसी भी दलाल या एजेंट के झांसे में न आएं।

## वसंतोत्सव

लोक भवन देहरादून में कल से आयोजित हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव– पुष्प प्रदर्शनी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बहुप्रतीक्षित महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह करेंगे। पुष्प प्रदर्शनी कल दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक तथा 28 फरवरी और एक मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। महोत्सव के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए राज्यपाल ने आज फूलों से सुसज्जित विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन देहरादून शहर और आसपास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को महोत्सव की जानकारी देंगे। राज्यपाल के निर्देशन में इस वर्ष आयोजन में नवाचार को भी शामिल किया गया है। उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आगंतुकों की गणना एआई आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए लोक भवन के मुख्य द्वार पर एआई–सक्षम कैमरे स्थापित किए गए हैं। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया है, ताकि वे पुष्प–प्रदर्शनी, विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें।

## सैन्य धाम निरीक्षण

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने आज देहरादून स्थित सैन्यधाम का निरीक्षण किया। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्य सरकार द्वारा सैनिकों व पूर्व सैनिकों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सैन्यधाम के निर्माण और विकास को एक ऐतिहासिक पहल बताया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यह स्थान देश के वीरों के त्याग और बलिदान की गाथा को सदैव जीवंत रखेगा। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता द्वारा दिये गये सुझावों पर सैनिक कल्याण विभाग कार्यवाही करेगा।

## होली मिलन समारोह

लोक भवन देहरादून में आज होली मिलन व उत्कृष्ट सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए और जीवन में नैतिक सीमाएं निर्धारित करते हुए किसी भी प्रकार के लालच या भ्रष्ट आचरण से दूर रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा ही एक अच्छे कर्मचारी और अच्छे नागरिक की पहचान होती है।